सत्यमेव जयते

№ 020224

# संस्थाओं के निबन्धन का प्रमाण-पत्र

(ऐक्ट 21, 1860)

संख्या 3583 वर्ष 2011-2012

मैं इसके द्वारा प्रमाणित करता हूं कि "श्री शत्रुघ्न मेमोरियल फाउन्डेशन" ग्राम + पो.- खैरी, थाना - खानपुर, जिला - समस्तीपुर।

सोसाईटीज रजिस्ट्रेशन ऐक्ट 21, 1860 के अधीन आज यथावत् निबन्धित हुआ/हुई।

आज तारीख छब्बीस मास मार्च वर्ष दो हजार बारह को पटना में मेरे हस्ताक्षर के साथ दिया गया।

संस्था निबंधन अधिनियम-21,1860 के अधीन निबंधन विभाग मात्र संस्था का निबंधन करता है। निबंधन को संस्था के वास्तव में कार्यरत होने या ना होने का प्रमाण या वित्तीय सहायता हेतु अनुशंसा नहीं माना जाए

26/3/12

वास्ते, महानिरीक्षक, निबन्धन, बिहार, पटना।

बि० स० मु० (निबन्धन); 1—II—10,000—22-

Rishikesh Fayer
MANAGER
GYANSTHALI INTERNATIONAL SCHOOL
KHAIRI, KHANPUR, SAMASTIPUR

Amit Kumar
Principal
Gyansthali International School
Khairi Khanpur Samastipur

पत्र संख्या–बी० एस०3–10 683 / 2012 - 7/6

# निबंधन महानिरीक्षक, बिहार का कार्यालय

(दाखिल करने का प्रमाण पत्र)

"श्री शत्रुघ्न मेमोरियल फाउन्डेशन"

पटना, दिनांक– 28/3/12

प्रमाणित किया जाता है कि निम्नलिखित आलेख्य सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 21, 1860 के उपबन्धों के अनुसार यथावत् दाखिल / निबंधित/ अभिलेखित किया गया / किये गये।

फीस का झाप रु० 50/–(पचास रुपये) केवल।

संस्था स्मृति–पत्र/नियमावली एवं आम सभा का प्रस्ताव की अभिप्रमाणित प्रतिलिपि।

26/3/12

वास्ते महानिरीक्षक, निबंधन,
बिहार, पटना।

अभिषेक रंजन (सचिव)
श्री शत्रुघ्न मेमोरियल फाउन्डेशन
ग्राम + पो.- खैरी, थाना- खानपुर,
जिला- समस्तीपुर।

की सेवा में उनके पत्र संख्या शून्य दिनांक 13. 3. 2012 के प्रसंग में अग्रसारित।

निबंधन प्रमाण पत्र संलग्न है, प्राप्ति की सूचना दें।

26/3/12

वास्ते महानिरीक्षक, निबंधन,
बिहार, पटना।

MANAGER
GYANSTHALI INTERNATIONAL SCHOOL
KHAIRI, KHANPUR, SAMASTIPUR

Amit Kumar
Principal
Gyansthali International School
Khairi Khanpur Samastipur

# आम सभा का प्रस्ताव

आज दिनांक–03.04.2011 को **"श्री शत्रुघ्न मेमोरियल फाउन्डेशन"** आम सभा की बैठक अध्यक्ष श्री रणधीर कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नलिखित प्रस्ताव पारित किए गये।

**प्रस्ताव संख्या–1**

सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि **"श्री शत्रुघ्न मेमोरियल फाउन्डेशन"** का निबंधन, संस्था निबंधन अधिनियम 21, 1860 के अन्तर्गत निबंधित करा लिया जाय।

**प्रस्ताव संख्या–2**

साथ ही सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया कि संस्था के निबंधन कराने का भार सचिव श्री अभिषेक रंजन को सौंपा जाय।

अध्यक्ष के धन्यवाद ज्ञापन के बाद सभा की कार्यवाही समाप्त की गई।

ह0/–अध्यक्ष

..........................................................

प्रमाणित किया जाता है कि यह आम–सभा के प्रस्ताव की सच्ची प्रति है।

अध्यक्ष  
रणधीर कुमार सिंह

सचिव  
Abhishek Ranjan

MANAGER  
GYANSTHALI INTERNATIONAL SCHOOL  
KHAIRI, KHANPUR, SAMASTIPUR

Amit Kumar  
Principal  
Gyansthali International School  
Khairi Khanpur Samastipur

# "श्री शत्रुघ्न मेमोरियल फाउन्डेशन"

## का

## स्मृति-पत्र

1. संस्था का नाम :– " श्री शत्रुघ्न मेमोरियल फाउन्डेशन"
2. प्रधान कार्यालय :– ग्राम+पोस्ट–खैरी, थाना–खानपुर,जिला–समस्तीपुर।
3. क्षेत्रीय कार्यालय :– काशीपुर वार्ड सं0 –12 विकास भवन के सामने,जिला–समस्तीपुर (बिहार) में रहेगा। आवश्यकतानुसार कार्यालय के स्थान परिवर्त्तन की सूचना 15 दिनों के अन्दर निबंधन विभाग एवं अन्य संबंधित विभाग को दे दी जायेगी।
4. कार्यक्षेत्र :– इस संस्था का कार्यक्षेत्र संपूर्ण भारतवर्ष होगा।
5. उद्देश्य :– इस संस्था के निम्नलिखित मुख्य उद्देश्य होंगें :–

    1. राष्ट्र की एकता,अखण्डता,स्वतंत्रता एवं सार्वभौमिकता को अक्षुण्ण बनाये रखने हेतु सर्वथा कार्यरत रहना एवं देश समाज में फैल रही विघटनकारी एवं राष्ट्र विरोधी तत्वों से बचाव हेतु कार्यक्रम संचालित कर जागरूकता पैदा करना एवं युवक/युवतियों में जनतंत्र मानवाधिकार और सबके लिए शिक्षा की बुनियादी आधार–आर्थिक और सामाजिक इंसाफ की भावना को विकसित करने हेतु आवश्यक शिक्षण –प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना कर संचालित करना ।
    2. आम जन के बीच स्वतंत्रता,समानता,बन्धुत्व और न्याय के मूल्यों की स्थापना के लिए शांतिमय साधनों द्वारा जाति,धर्म वर्ग तथा वर्ण से हटकर समता के मूल्य पर प्रेम,त्याग व सहिष्णुता से ओत–प्रोत गैर–बराबरी विहीन समतामुलक समाज की स्थापना हेतु विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रम संचालित करना।
    3. केन्द्र तथा राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु समाज तथा सरकार के बीच कड़ी का काम करना साथ ही योजनाओं की जानकारी हेतु प्रचार प्रसार एवं प्रशिक्षण का आयोजन करना।
    4. समाज के कमजोर, दलित वर्ग, वंचित समुदाय, आदिवासी,विधवा, परित्यक्ता,वृद्ध, विकलांग, निराश्रित,नेत्रहीन एवं साधारण महिलाओं एवं बच्चों के लिए पुस्तकालय, वाचनालय, वृद्धा आश्रम, महिला हॉस्टल, अनाथालय, संचालित करना।

MANAGER
GYANSTHALI INTERNATIONAL SCHOOL
KHAIRI, KHANPUR, SAMASTIPUR

Abhishek
सचिव
श्री शत्रुघ्न मेमोरियल फाउन्डेशन

Amit Kumar
Principal
Gyansthali International School
Khairi Khanpur Samastipur

5. नारी कल्याण एवं नारी जागरण हेतु सिलाई,कटाई,बुनाई,कढ़ाई,एप्लिक, कशीदाकारी, पाककला के कुशल प्रशिक्षण हेतु ज्ञान केन्द्रों की स्थापना करना।

6. शिशु विकास एवं गरीब निराश्रित महिलाओं एवं बच्चों के लिए पोषण एवं स्वास्थ्य की दृष्टि से यथोचित एवं आवश्यक केन्द्र की स्थापना और प्रशासन उपलब्ध कराना तथा महिलाओं के लिए आवासीय व्यवस्था करना।

7. महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु चित्रकारी,मिथला पेंटिग,वार्डर आर्ट पेन्टिंग, हस्तशिल्प, गुड़िया बनाना,स्वेटर, फ्राक,बुनाई,नीटिंग,फ्रेब्रिक,होजियरी,गंजी,मोजा,छात्र एवं छात्राओं के लिए यूनिफार्म बनाने का प्रशिक्षण देना।

8. समविचारी संस्थाओं, संगठनों,व्यक्तियों का नेटवर्क बनाने की दिशा में भी काम करना।

9. कृषि के विकास हेतु सभा,सम्मेलन,गोष्ठी कार्यशाला,प्रदर्शनी,शिक्षण संस्थान की स्थापना और संचालन कर कृषकों को जानकारी एवं प्रशिक्षण देना।

10. समाज की आर्थिक प्रगति एवं विकास के लिए वैज्ञानिक तथा प्रौद्योगिकी ज्ञान के समुचित उपयोग के लिए प्रयास करना।

11. कृषि के विकास हेतु पत्र–पत्रिकाओं का प्रकाशन कर कृषकों को उपलब्ध कराना।

12. कृषकों को बायो कृषि खाद,कम्पोस्ट, जैविक खाद आदि के बारे मे जानकारी तथा प्रशिक्षण देना तथा उनके द्वारा उत्पादित वस्तुओं को सुरक्षित रखने हेतु गोदाम, शीतगृह आदि की व्यवस्था करना।

13. औषधीय पौधों, सुगंधीय पौधों, पुष्पीये पौधों समेत तमाम तरह के पेड़–पोधों के बारे में जानकारी देना एवं वृक्षारोपण को बढ़ावा देने हेतु नर्सरी की स्थापना कर जन साधरण को सहजता से विभिन्न प्रकार का पौधा उपलब्ध कराना।

14. पयार्वरण को प्रदूषण मुक्त बनाने हेतु वृक्षारोपण एवं अन्य कार्यक्रमों का संचालन करना। वन एवं वन्य प्राणियों तथा वन सम्पदा की रक्षा हेतु कार्यक्रमों का संचालन करना।

15 शिक्षा के प्रचार–प्रसार हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन करना। विभिन्न स्तरों पर की शिक्षण संस्थानों की स्थापना और संचालन करना। गरीब मेधावी छात्र–छात्राओं को प्रोत्साहित करना एवं उच्च शिक्षा ग्रहण करने में मदद करना।

16. लोगों के स्वास्थ्य रक्षा हेतु स्वास्थ्य सेवा केन्द्र की स्थापना और संचालन करना। परिवार कल्याण हेतु प्रचार–प्रसार कर परिवार कल्याण शिविर,टीकाकरण शिविर एवं अन्य स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करना। आसाध्य रोगों जैसे एड्स, कैंसर आदि से बचाव के लिए आवश्यक जानकारी एवं दवा उपलब्ध कराना। कुष्ठ एवं विकलांगता के रोगियों के लिए जन जागरण एवं रोग निवारण का उपाय करना।

17. शिक्षित बेरोजगार युवक–युवतियों को स्वावलंबी बनाने हेतु टंकलणकला, आशुलिपि, कम्प्युटर, इलेक्ट्रोनिक्स, लघु उद्योग, कुटीर उद्योग,गृह उद्योग,खादी एवं ग्रामोद्योग,मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन, रेशमकीट पालन, डेयरी उद्योग आदि के बारे में प्रशिक्षण देना एवं उद्योग स्थापित कर स्वावलंबी बनाने में मदद करना।

MANAGER
GYANSTHALI INTERNATIONAL SCHOOL
KHAIRI, KHANPUR, SAMASTIPUR

सचिव

Principal
Gyansthali International School
Khairi Khanpur Samastipur

18. ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में स्वच्छता अभियानका संचालन करना। लोगों को स्वच्छ पेय जल, शौचालय, स्नानागार आदि उपलब्ध कराना। सुलभ यातायात हेतु सड़क पुल, पुलिया निर्माण एवं मरम्मति का कार्य करना।

19. अनाथ बच्चों ,वृद्धों,विधवाओं विकलांगों, बाल श्रमिकों,महिला श्रमिकों ,कामकाजी बच्चों एवं अन्य श्रमिकों के कल्याणार्थ कार्यक्रमों का संचालन करना एवं उनके लिए आश्रय स्थल भोजन, चिकित्सा, शिक्षा आदि की व्यवस्था करना।

20. जैविक खाद एवं जैविक कीटनाशक का निर्माण एवं वितरण करना।

21. ग्रामीणों को कृषि तकनीकी व सूचना प्रौद्योगिकी की आधुनिकतम सेवायें उपलब्ध कराना।

22. देश की आपातकालीन स्थिति जैसे –बाढ़, भूकम्प आगजनी, आकस्मिक दुर्घटना के समय मानव एवं मवेशी की रक्षा हेतु विभिन्न प्रकार के सहाय कार्यक्रम सहकारी स्तर पर चलाना।

23. औषधी दुरूपयोग, नशाखोरी के विरूद्ध व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम चलाना। औषिधी दुरूपयोग की रोकथाम हेतु परामर्श सह निदान केन्द्र की स्थापना करना।

24. कार्यक्षेत्र के जरूरतमंद नागरिकों को राष्ट्री की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु उनका समुह बनाकर, उनके आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने की दिशा में विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रमों का संचालन करना।

25. लुप्त होते पशु–पक्षियों, वनस्पति एवं लोक कला एवं विद्याओं के संरक्षरण और संवर्द्धन हेतु युक्त संगत पहल करना।

26. संस्था अपने उद्देश्य की पूर्ति हेतु सरकारी एवं गैर– सरकारी संस्थाओं से शिक्षण प्रशिक्षण के साथ – साथ दान, उपहार,चंदा अनुदान या ऋण आदि शर्त अथवा बिना शर्त के ग्रहण करेगी।

27. वैसे सभी कार्य जो संस्था अधिनियम के अन्तर्गत आते हों, देश या समाज के हित में हों उन तमाम कर्यो में संस्था अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेगी।

28. सभी प्रकार की शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक संस्था एवं औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने हेतु सरकार, से मान्यता प्राप्त करना एवं उसका संचालन करना।

MANAGER
GYANSTHALI INTERNATIONAL SCHOOL
KHAIRI, KHANPUR, SAMASTIPUR

Principal
Gyansthali International School
Khairi Khanpur Samastipur

# "श्री शत्रुध्न मेमोरियल फाउन्डेशन"

## की

## नियमावली

1. संस्था का नाम :- " श्री शत्रुध्न मेमोरियल फाउन्डेशन"

2. **परिभाषा :-**

(1) संस्था से अभिप्राय है - **"श्री शत्रुध्न मेमोरियल फाउन्डेशन"**

(2) एक्ट से अभिप्राय है - सोसायटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट- 21,1860

(3) समिति से अभिप्राय है - संस्था की कार्यकारिणी समिति ।

(4) पदाधिकारी से अभिप्राय है - अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष ।

(5) वर्ष से अभिप्राय है - 01 अप्रैल से 31 मार्च तक ।

3. **सदस्य :-**

कोई भी भारतीय नागरिक जिनकी आयु 18 वर्ष से अधिक हो, रचनात्मक प्रवृति का हो, समाजसेवा में रूचि रखते हों और जो संस्था के नियमों का पालन करेंगे । संस्था के संस्थापक / साधारण / आजीवन सदस्य बन सकते हैं । सदस्य बनने के लिए आवेदन पत्र देना होगा, जिनकी स्वीकृति या अस्वीकृति वर्तमान कार्यकारिणी समिति द्वारा की जायेगी ।

(क) संस्थापक सदस्य-संस्था हेतु प्रथम बैठक में उपस्थित सभी सदस्य ही संस्थापक सदस्य होगें। संस्थापक सदस्यों की सदस्यता समाप्ति के बाद या मृत्यु उपरान्त आजीवन सदस्यों एवं सक्रिय साधारण सदस्यों से ही कार्यकारिणी समिति का गठन होगा ।

(ख) आजीवन सदस्य- जो व्यक्ति संस्था के उद्देश्यों के प्रति संतुष्ट और जो एक मुश्त 5001/- (पांच हजार एक रूपया) तथा इतनी ही रकम की अचल सम्पत्ति संस्था को एक मुश्त दान स्वरूप देंगे । वैसे व्यक्ति इस संस्था के आजीवन सदस्य होंगे ।

(ग) संरक्षक मंडल- समाज का कोई भी प्रतिष्ठित, गणमान्य एवं स्वतंत्रता सेनानी जो इस संस्था के उद्देश्यों के प्रति सहानुभूति रखते हो एवं इस संस्था के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य करेंगे वैसे व्यक्ति इस संस्था के संरक्षक सदस्य होंगे ।

4. **सदस्यता :-**

सभी प्रकार के सदस्यों को 151/- रूपये का प्रवेश शुल्क देना होगा । साधारण सदस्य के लिए 501/- रूपये वार्षिक सदस्यता शुल्क देना होगा ।

5. **सदस्यता की समाप्ति :-**

(क) स्वयं त्याग पत्र देने पर ।

MANAGER
GYANSTHALI INTERNATIONAL SCHOOL
KHAIRI, KHANPUR, SAMASTIPUR

Amit Kumar
Principal
Gyansthali International School
Khairi Khanpur Samastipur

(ख) समिति की लगातार तीन बैठकों में अनुपस्थित रहने पर ।

(ग) न्यायालय द्वारा दंडित होने पर ।

(घ) पागल या मृत्यु होन पर ।

(ड़) संस्था के नियम विरूद्ध आचरण करने पर ।

(च) समिति द्वारा अविश्वास प्रस्ताव पारित करने पर ।

6. <u>कार्यकारिणी समिति का गठन</u> :-

(क) कार्यकारिणी समिति में पदाधिकारी सहित सात सदस्य होंगे ।

(ख) समिति का कार्यकाल पाँच वर्ष का होगा ।

(ग) समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का चुनाव सक्रिय सदस्यों में से आम सभा द्वारा की जाएगी । निवृत सदस्य पुनः चुने जा सकते है ।

(घ) अगर समिति में कोई पद रिक्त होगा तो शेष अवधि के लिए उक्त पद पर किसी सदस्य को समिति मनोनित कर सकती है । किन्तु वार्षिक बैठक में विधिवत चुनाव करा लेना होगा ।

7. <u>कार्यकारिणी समिति के अधिकार एवं कर्त्तव्य</u> :-

(क) सदस्यता स्वीकार या अस्वीकार करना ।

(ख) संस्था के चल एवं अचल सम्पत्ति का उत्तरदायी होगा ।

(ग) कार्यक्षेत्र में संस्था की शाखा एवं इकाई खोलने की अनुमति देना ।

(घ) संस्था में पूर्ण समय देने वाले सदस्य को निर्वाह खर्च की स्वीकृति देना होगा ।

(ड़) वार्षिक विवरणी तैयार करना एवं आम सभा में उपस्थापित करना ।

(च). उद्देश्य की पूर्ति हेतु अन्य वैद्यानिक कार्य करना ।

(छ) संस्था के सभी कार्यो का सम्पादन विधिवत् करना और प्रस्ताव पारित करना ।

8. <u>आम सभा के अधिकार एवं कर्त्तव्य</u> :-

(क) संस्था के आय-व्यय पर विचार कर स्वीकृति देना ।

(ख) संस्था की नियमावली एवं स्मृति-पत्र में आवश्यकता पड़ने संसोधन करना ।

(ग) अंकेक्षक की नियुक्ति करना ।

(घ) संस्था के वार्षिक प्रतिवेदन एवं बजट की स्वीकृति देना ।

(ड़) समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का निर्वाचन करना ।

(च) अध्यक्ष की राय से अन्य विषय पर विचार करना ।

9. <u>पदाधिकारीयों के अधिकार एवं कर्त्तव्य</u> :-

<u>अध्यक्ष</u> :-

(क) संस्था के प्रत्येक बैठक की अध्यक्षता करना ।

MANAGER
GYANSTHALI INTERNATIONAL SCHOOL
KHAIRI, KHANPUR, SAMASTIPUR

Abhisek Kumar
सचिव

Amit Kumar
Principal
Gyansthali International School
Khairi Khanpur Samastipur

(ख) [illegible]

(ग) अन्य वैद्यानिक कार्य करना ।

(घ) अध्यक्ष संस्था के विभिन्न कार्यकलापों का पर्यवेक्षण और दिशा-निर्देशन करेंगें । वह कार्यकारिणी में उठाये गये वैसे प्रश्न पर आवश्यकता पड़ने पर अपने निर्णायक मत द्वारा निर्णय करेंगे ।

**सचिव** :-

(क) सभी बैठकों का आयोजन करना ।

(ख) संस्था की ओर से पत्राचार करना ।

(ग) प्रत्येक पंजी एवं कागजात को सुरक्षित रखना ।

(घ) बैठक की कार्यवाही को पंजी में अंकित करना तथा अध्यक्ष से हस्ताक्षर करवाकर अपना हस्ताक्षर करना ।

(ड़) संस्था के आय-व्यय को बैठक में प्रस्तुत करना ।

(च) संस्था के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सभी तरह का प्रयास करना ।

(छ) संस्था के विकास हेतु कार्यक्षेत्र में शाखा एवं इकाई कार्यकारिणी समिति के निर्णयानुसार स्थापित करना एवं जिला शाखा प्रभारी नियुक्त करना ।

(ज) कर्मचारियों की नियुक्ति करना, बर्खास्तगी करना, निलंबित करना तथा उनका वेतन, भत्ता,पारिश्रमिक आदि निर्धारित तथा भुगतान करना ।

(झ) आवश्यकतानुसार समिति की पूर्व अनुमति के विना 5000 /- (पाँच हजार) रूपया तक आवश्यक व्यय हेतु नगद रखना एवं व्यय करना । लेकिन कार्यकारिणी समिति की अगली बैठक में अनुमोदन करा लेना होगा ।

(ञ) संस्था के कार्यकलापों को आगे वढ़ाने के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं एवं सरकारी विभागों से सम्पर्क स्थापित कर दान, अनुदान एवं ऋण प्राप्त करना ।

**कोषाध्यक्ष** :-

(क) संस्था के आय-व्यय का हिसाब रखना और सचिव के द्वारा बैठक में प्रस्तुत करना ।

(ख) आय-व्यय लेखा का अंकेक्षण कराना ।

(ग) संस्था के हित में अधिक से अधिक धन संग्रह करना ।

(घ) संस्था के नाम प्राप्त राशि का रसीद काटना एवं उस पर अपना अध्यक्ष एवं सचिव का हस्ताक्षर कराना ।

10. **कोष** :-

(क) संस्था के कोष का खाता किसी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा डाकघर में होगा ।

Abhishek Kumar

MANAGER
GYANSTHALI INTERNATIONAL SCHOOL
KHAIRI, KHANPUR, SAMASTIPUR

Amit Kumar

Principal
Gyansthali International School
Khairi Khanpur Samastipur

(ख) कोष का संचालन अध्यक्ष, सचिव तथा कोषाध्यक्ष में से किसी दो के संयुक्त हस्ताक्षर से किया जायेगा । जिसमें सचिव का हस्ताक्षर अनिवार्य है ।

11. **बैठक** :-

(क) कार्यकारिणी समिति की वर्ष में कम से कम चार बैठक अवश्य होगी ।

(ख) आम सभा की बैठक प्रत्येक वर्ष अप्रैल माह में होगा ।

(ग) आवश्यक एवं विशेष बैठक कभी भी बुलाई जा सकती है ।

12. **बैठक की सूचना** :-

(क) बैठक की सूचना डाक या पंजी द्वारा दी जायेगी ।

(ख) कार्यकारिणी समिति की बैठक की सूचना सात दिन पूर्व दी जायेगी ।

(ग) आवश्यक बैठक की सूचना 48 घंटे पूर्व दी जायेगी ।

(घ) आम सभा की बैठक की सूचना 15 दिन पूर्व दी जायेगी ।

13. **कोरम** :-

प्रत्येक बैठक का कोरम कुल सदस्यों का दो तिहाई होगा । कोरम के अभाव में बैठक स्थगित हो जाएगी और स्थगित बैठक के पुनः आयोजन लिए के कोरम की आवश्यकता नहीं होगी ।

14. **आय का श्रोत** :-

(क) सदस्यता शुल्क / प्रवेश शुल्क ।

(ख) सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा ।

(ग) विशेष शुल्क एवं चन्दा ।

(घ) सरकारी / गैरसरकारी अनुदान द्वारा ।

(ड़) दान अनुदान एवं ऋण ।

15. **निधि के अंकेक्षण** :-

(क) संस्था के आय-व्यय का लेखा समुचित रूप से रखा जायेगा । अंकेक्षक से प्रति वर्ष अंकेक्षित कराया जायेगा ।

(ख) निबंधन महानिरीक्षक जब चाहें संस्था का अंकेक्षण करा सकते है । जिसका खर्च संस्था द्वारा वहन किया जायेगा ।

16. **पंजी का निरीक्षण** :-

संस्था के सभी पंजियाँ निबंधित कार्यालय में रहेगी । जहाँ कोई भी सदस्य सचिव की अनुमति से लेखा पंजी एवं कार्यवाही पंजी का निरीक्षण कर सकते है ।

17 **संशोधन** :-

कुल सदस्यों की 3/5 द्वारा पारित संशोधनों को निबंधन महानिरीक्षक बिहार को 15 दिनों के अन्दर अनुमोदन के लिए सूचित किया जायेगा ।

MANAGER
GYANSTHALI INTERNATIONAL SCHOOL
KHAIRI, KHANPUR, SAMASTIPUR

Amit Kumar
Principal
Gyansthali International School
Khairi Khanpur Samastipur

18. **विघटन** :-

(क) संस्था का विघटन संस्था अधिनियम- 21,1860 की धारा - 13 का पालन करते हुए सरकार का अनुमोदन प्राप्त करने के बाद किया जाएगा ।

(ख) संस्था का विघटन आम सभा के 3/5 सदस्यों द्वारा प्रस्ताव पारित करने पर ही किया जायेगा।

(ग) विघटन के उपरान्त सभी दायित्वों ऋणों आदि का भुगतान करने के बाद जो भी चल/अचल सम्पत्ति बचेगी वह किसी सदस्या या गैर सदस्यों में बांटी नहीं जाएगी बल्कि आम सभा के 3/5 सदस्यों की सहमति से समान उद्देश्य वाली दूसरी संस्था या सरकार को दे दी जाएगी ।

प्रमाणित किया जाता है कि यह **श्री शत्रुघ्न मेमोरियल फाउन्डेशन** के नियमावली की सच्ची प्रतिलिपि है ।

अध्यक्ष | कोषाध्यक्ष | सचिव

26/3/12

MANAGER
GYANSTHALI INTERNATIONAL SCHOOL
KHAIRI, KHANPUR, SAMASTIPUR

सचिव

Principal
Gyansthali International School
Khairi Khanpur Samastipur

5. निम्नलिखित व्यक्ति जिनका नाम, पिता/पति का नाम, पता, पेशा, पद एवं स्वहस्ताक्षरित फोटो नीचे दिया गया है। वर्तमान में ये सभी कार्यकारिणी के सदस्य है, जिन पर संस्था के नियमानुसार प्रबंध का भार सौंपा गया है।

| क्र0 | नाम पिता/पति का नाम | पता | पेशा | पद | स्वहस्ताक्षरित पासपोर्ट साईज फोटो |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रणधीर कु0 सिंह,<br>पिता–प्रियव्रत ना0 सिंह, | ग्राम+पो0–खैरी,<br>थाना–खानपुर,<br>जिला–समस्तीपुर,<br>पिन–848117 | समाज सेवा | अध्यक्ष |  |
| 2 | अभिषेक रंजन,<br>पिता–पवन देव प्र0 सिंह | ग्राम+पो0–खैरी,<br>थाना–खानपुर,<br>जिला–समस्तीपुर,<br>पिन–848117 | बेरोजगार अभियंता | सचिव |  |
| 3 | गौरव कुमार,<br>पिता–स्व0 लक्ष्मण कु0 सिंह | ग्राम–काशीपुर,<br>अंचल–समस्तीपुर,<br>जिला–समस्तीपुर।<br>पिन–848101 | बेरोजगार अभियंता | कोषाध्यक्ष |  |

ATTESTED 13.3.12

Dharm... Kumar
Notary Public, Patna

NOTARY ... OF BIHAR

MANAGER
GYANSTHALI INTERNATIONAL SCHOOL
KHAIRI, KHANPUR, SAMASTIPUR

Amit Kumar
Principal
Gyansthali International School
Khairi Khanpur Samastipur

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | Abhishek Ranjan<br>कंचन ~~कुमार~~ गौतम<br>पति–रामाशंकर प्र0 गौतम | ग्राम–सिमरी,<br>अंचल–सिंहवाड़ा,<br>जिला–दरभंगा<br>पिन–847106 | समाज सेवा | महिला सदस्य |  |
| 5 | रमन कुमार सिंह,<br>पिता–स्व0 केदार नाथ सिंह | ग्राम+पो0–खैरी,<br>थाना–खानपुर,<br>जिला--समस्तीपुर,<br>पिन–848117 | समाज सेवा | सदस्य |  |
| 6 | ब्रह्मदेव चौधरी,<br>पिता–स्व0 नारायण चौधरी | ग्राम+पो0–खैरी,<br>थाना–खानपुर,<br>जिला–समस्तीपुर,<br>पिन–848117 | समाज सेवा | सदस्य | <br>ब्रह्मदेव चौधरी |
| 7 | मो0 जहाँगीर,<br>पिता–मो0 शमीम | ग्राम+पो0–खैरी,<br>थाना–खानपुर,<br>जिला–समस्तीपुर,<br>पिन–848117 | समाज सेवा | सदस्य | <br>Md. Jahangir |

प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त क्रमांक 01 से लेकर 07 तक के सभी व्यक्तियों ने मेरे समक्ष हस्ताक्षर किये हैं जिन्हें मैं जानता एवं पहचानता हूँ।

DHARMENDRA KUMAR NOTARY 13.3.12

ATTESTED
13.3.12
Dharmendra Kumar
Notary Public, Patna

सचिव
Abhishek Ranjan

Amit Kumar
**Principal**
Gyansthali International School
Khairi Khanpur Samastipur

**MANAGER**
GYANSTHALI INTERNATIONAL SCHOOL
KHAIRI, KHANPUR, SAMASTIPUR

6. निम्नलिखित व्यक्ति जिनका नाम, पिता/पति का नाम, पता, पेशा, पद एवं स्वहस्ताक्षरित फोटो नीचे दिया गया है। वर्तमान में ये सभी कार्यकारिणी के सदस्य है, जिन पर संस्था के नियमानुसार प्रबंध का भार सौंपा गया है। वर्तमान स्मृति पत्र के अनुसार संस्था निबंधन अधिनियम 21,1860 के अन्तर्गत निबंधन के आकांक्षी है।

| क्र0 | नाम पिता/पति का नाम | पता | पेशा | स्वहस्ताक्षरित पारापोर्ट साईज फोटो | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रणधीर कु0 सिंह,<br>पिता–प्रियव्रत ना0 सिंह, | ग्राम+पो0–खैरी,<br>थाना–खानपुर,<br>जिला–समस्तीपुर,<br>पिन–848117 | समाज सेवा |  | रणधीर कुमार सिंह |
| 2 | अभिषेक रंजन,<br>पिता–पवन देव प्र0 सिंह | ग्राम+पो0–खैरी,<br>थाना–खानपुर,<br>जिला–समस्तीपुर,<br>पिन–848117 | बेरोजगार<br>अभियंता |  | Abhisek Ranjan |
| 3 | गौरव कुमार,<br>पिता–स्व0 लक्ष्मण कु0 सिंह | ग्राम–काशीपुर,<br>अंचल–समस्तीपुर,<br>जिला–समस्तीपुर।<br>पिन–848101 | बेरोजगार<br>अभियंता |  | Gaurav Kumar |

ATTESTED

13.3.12

Notary Public, Patna

13.3.12

MANAGER
GYANSTHALI INTERNATIONAL SCHOOL
KHAIRI, KHANPUR, SAMASTIPUR

GOVT. OF BIHAR

Amit Kumar
Principal
Gyausthali International School
Khairi Khanpur Samastipur

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 4 | Abhishek Ranjan<br>कंचन कुमार गौतम<br>पति–रामाशंकर प्र0 गौतम | ग्राम–सिमरी,<br>अंचल–सिंहवाड़ा,<br>जिला–दरभंगा<br>पिन–847106 | समाज सेवा |  | कंचन कुमार गौतम |
| 5 | रमन कुमार सिंह,<br>पिता–स्व0 केदार नाथ सिंह | ग्राम+पो0–खैरी,<br>थाना–खानपुर,<br>जिला–समस्तीपुर,<br>पिन–848117 | समाज सेवा |  | रमन कुमार सिंह |
| 6 | ब्रह्मदेव चौधरी,<br>पिता–स्व0 नारायण चौधरी | ग्राम+पो0–खैरी,<br>थाना–खानपुर,<br>जिला–समस्तीपुर,<br>पिन–848117 | समाज सेवा |  | ब्रह्मदेव चौधरी |
| 7 | मो0 जहाँगीर,<br>पिता–मो0 शमीम | ग्राम+पो0–खैरी,<br>थाना–खानपुर,<br>जिला–समस्तीपुर,<br>पिन–848117 | समाज सेवा |  | Md. Jahangir |

माणित किया जाता है कि उपरोक्त क्रमांक 01 से लेकर 07 तक के सभी व्यक्तियों ने मेरे समक्ष स्ताक्षर किये हैं जिन्हें मैं जानता एवं पहचानता हूँ।

सचिव

Abhishek Ranjan

ATTESTED

13.3.12

Notary Public, Patna

MANAGER
GYANSTHALI INTERNATIONAL SCHOOL
KHAIRI, KHANPUR, SAMASTIPUR

Amit Kumar
**Principal**
Gyansthali International School
Khairi, Khanpur, Samastipur

भारतीय गैर न्यायिक

पाँच रुपये FIVE RUPEES

रु.5 Rs.5

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

बिहार BIHAR 03AA 243278

MANAGER
GYANSTHALI INTERNATIONAL SCHOOL
KHAIRI, KHANPUR, SAMASTIPUR

Amit Kumar
Principal
Gyansthali International School
Khairi Khanpur Samastipur

भारतीय गैर न्यायिक

बीस रुपये

रु.20

Rs.20

TWENTY RUPEES

भारत

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

बिहार BIHAR 04AA 723309

Rishikesh Raj
MANAGER
GYANSTHALI INTERNATIONAL SCHOOL
KHAIRI, KHANPUR, SAMASTIPUR

Amit Kumar.
Principal
Gyansthali International School
Khairi Khanpur Samastipur

भारतीय गैर न्यायिक

भारत

पचास रुपये

रु.50

FIFTY RUPEES

Rs.50

सत्यमेव जयते

INDIA

INDIA NON JUDICIAL

बिहार BIHAR [illegible] 282213

[illegible]

[illegible]

[illegible]

*Rishikesh Raj* (signature)

MANAGER
GYANSTHALI INTERNATIONAL SCHOOL
KHAIRI, KHANPUR, SAMASTIPUR

*Amit Kumar* (signature)

Principal
Gyansthali International School
Khairi Khanpur, Samastipur.